भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

PRESS RELEASE

LIC ऑफ इंडिया ने नई योजना शुरू की -एल.आई.सी.की बीमा ज्योति

भारतीय जीवन बीमा निगम की नई योजना बीमा ज्योति एक नॉन-लिंक्ड, असहभागी, व्यक्तिगत, बचत योजना है जो सुरक्षा और बचत का एक आकर्षक संयोजन प्रस्तुत करती है। यह योजना पॉलिसी अवधि के दौरान पॉलिसीधारक की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के मामले में परिवार को वित्तीय सहायता प्रदान करेगी और परिपक्वता पर गारंटीकृत एकमुश्त राशि का भुगतान करेगी । इसे एजेंट / अन्य माध्यम से ऑफ़लाइन और साथ ही सीधे वेबसाइट www.licindia.in के माध्यम से ऑनलाइन खरीदा जा सकता है।

इस योजना में प्रत्येक पॉलिसी वर्ष के अंत में रु.50 प्रति हजार मूल बीमा धन की दर से गारंटीकृत वृद्धि पॉलिसी में जोड़ी जाएगी।

जोखिम की शुरुआत की तिथि के बाद पॉलिसी की अवधि के दौरान मृत्यु होने पर, "मृत्यु पर बीमा राशि " और पॉलिसी की शर्तों के अनुसार उपार्जित गारंटीकृत परिवर्धन देय है। परिपक्वता की निर्धारित तिथि पर पॉलिसीधारक के जीवित रहने पर, बशर्ते कि पॉलिसी चालू स्थिति में हो ,"परिपक्वता पर बीमित राशि " गारंटीकृत वृद्धियों के साथ देय होगी। योजना कुछ शर्तों के अधीन किस्तों में मृत्यु / परिपक्वता लाभ प्राप्त करने का विकल्प भी प्रदान करती है।

इस योजना में न्यूनतम बीमा धन रु.1,00,000 /- है एवं कोई अधिकतम सीमा नहीं है। इस पॉलिसी को 15 से 20 साल की अवधि के लिए लिया जा सकता है तथा प्रीमियम भुगतान अवधि पॉलिसी अवधि से 5 वर्ष कम होगी। प्रवेश पर न्यूनतम आयु 90 दिन पूर्ण और अधिकतम आयु 60 वर्ष हो सकती है।

प्रीमियम का भुगतान नियमित रूप से वार्षिक, अर्धवार्षिक, त्रैमासिक या मासिक अंतराल (मासिक प्रीमियम केवल NACH के माध्यम से) या वेतन कटौती के माध्यम से किया जा सकता है। आकस्मिक आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु ऋण सुविधा भी उपलब्ध है।

तेजी से घटती ब्याज दरों के वर्तमान परिदृश्य में, जोखिम कवर के साथ दिया जाने वाला गारंटीकृत परिवर्धन भारतीय जीवन बीमा निगम की बीमा ज्योति योजना की एक आकर्षक विशेषता है।

22 फरवरी, 2021 को मुंबई में दिनांकित

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:
कार्यकारी निदेशक (CC)
LIC ऑफ इंडिया,
सेंट्रल ऑफिस,
मुंबई ईमेल आईडी:co_cc@licindia.com

We believe that the news contained in this release is of value to your readers. While we would thank you to publish it as soon as possible, We also readily recognize that the decision to do so rests entirely with you.